मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 315, मुंबई, शनिवार, 10 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल ®

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर




# आर्यन खान केस: ईडी के रडार पर समीर वानखेड़े

## मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज किया केस



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े की मुश्किल बढ़ती जा रही हैं। अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम उन पर एक्शन के मूड में दिखाई दे रही है। कहा जा रहा है कि केंद्रीय एजेंसी उन्हें जल्द पूछताछ के लिए बुला सकती है। ईडी ने सीबीआई की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार की एफआईआर के आधार पर आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर लिया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# उद्धव गुट के नेता की हत्या मामले में बड़ी कार्रवाई

## मॉरिस का बॉडीगार्ड अमरेंद्र मिश्रा गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के दहिसर इलाके में गुरुवार को उद्धव ठाकरे ग्रुप के पूर्व नगरसेवक अभिषेक घोसालकर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति मॉरिस नोरोन्हा उर्फ मॉरिस भाई ने घोसालकर को दोस्ती करने के बहाने से अपने दफ्तर बुलाया और पांच गोली मारी। इसके बाद मॉरिस ने भी खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। उद्धव गुट के पूर्व विधायक विनोद घोसालकर के बेटे अभिषेक घोसालकर को मॉरिस ने 'फेसबुक लाइव' के दौरान गोली मारी। इस घटना से हड़कंप मच गया।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### कौन है मॉरिस भाई?

मॉरिस भाई मुंबई के दहिसर–बोरीवली इलाके में एक एनजीओ चलाता था। उस पर बलात्कार जैसे कई गंभीर आरोप लगे है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मॉरिस के खिलाफ हत्या, प्रताड़ना और धोखाधड़ी जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। हालांकि मॉरिस ने कोरोना काल में इलाके के लोगों की खूब मदद की थी, इसलिए उसे सम्मानित भी किया गया था।

**मॉरिस की पत्नी का बड़ा खुलासा :** मॉरिस की पत्नी ने क्राइम ब्रांच की यूनिट–11 के अधिकारियों के सामने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मॉरिस रेप के एक मामले में पांच महीने तक जेल में था। मॉरिस को लगता था कि अभिषेक घोसालकर ने ही उसे रेप केस में फंसाया है। वह कुछ दिन पहले ही जमानत पर जेल से छूटा था। इसको लेकर मॉरिस के मन में काफी गुस्सा था। मॉरिस की पत्नी ने कहा, घर पर मॉरिस अक्सर कहा करता था कि मैं अभिषेक को नहीं छोडूंगा, मैं उसे खत्म कर दूंगा।

# बाल ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग

## राज ठाकरे ने चाचा तो संजय राउत ने सुझाए ये 2 नाम



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के दो पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने की घोषणा की। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलने की जानकारी दी। मोदी सरकार ने हाल ही में बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के दिवंगत मुख्यमंत्री एवं जननायक के नाम से मशहूर कपूर्री ठाकुर को भी भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की थी। पिछले कुछ दिनों में पांच 'भारत रत्न' की घोषणा के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों से कई महान शख्सियतों को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार देने की मांग उठ रही है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# लोकसभा चुनाव 2024 से पहले देश में लागू होगा सीएए

## गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी पूरे जोर-शोर से जुट गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुन-चुनकर सभी विपक्षी पार्टी और खासकर कांग्रेस पर निशाना साध रहे हैं। अगले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के अकेले 370 सीट जितने का दावा कर रहे हैं। हर तरफ से माहौल बनाने का प्रयास हो रहा है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा एलान किया है। शाह ने कहा कि चुनाव से पहले पूरे देश में नागरिकता संसोधन अधिनियम (सीएए) लागू किया जाएगा। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### विपक्ष पर भड़के

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर देश के मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, हमारे मुस्लिम भाइयों को इस कानून को लेकर गुमराह किया जा रहा है। उन्हें भड़काया जा रहा है। यह कानून केवल पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### पाक के चुनाव में सेना हारी!

**पाकिस्तानी** लोगों ने कमाल किया।देश की सेना और उसके कंट्रोल कीसंस्थाओं, सरकार, चुनाव आयोग तथा अदालत की तिकड़मों,पाबंदियों और खौफ को ठेंगा बताया। अपने वोट से जेल में बंद इमरान खान के समर्थक निर्दलियों की ह्यआश्चर्यजनकह्न बढ़त बनाई। वे इमरान खान, जो खुद जेल में हैऔर जिनकी पार्टी पर प्रतिबंध है। उनकीतहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह बैलट पेपर पर नहीं था। लेकिन मतदाताओं ने उन उम्मीदवारों को छप्पर फाड़ वोट दिया है जिन्होने इमरान का नाम लेते हुए बतौर निर्दलीय, अलग-अलग चुनाव चिंहों पर चुनाव लडा! इन पंक्तियों के लिखे जाते समय, चुनाव नतीजों की पूरी तस्वीर साफ नहीं है। इमरान खान समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों के जीतने की संख्या सबसे ज्यादा है। 92काआंकडा है और पूरे नतीजे आने बाकी है। मतगणना में देरी और धांधली की शुरूआत गुरूवार को ही हो गई थी क्योंकि करीब 20 प्रतिशत फीसदी वोटों की गिनती के बाद मिले शुरूआती रूझानों में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को ह्यआश्चर्यजनकह्न बढ़त हासिल होती दिख रही थी। फिर मतगणना धीमी हो गई।थ आंतरिक मामलों के मंत्रालय के अनुसार देरी का कारण ह्लसंचार सुविधा की कमीह्व थी और यह कमी ह्लचाकचौबंद सुरक्षा व्यवस्थाह्व सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए एहतियाती कदमों का नतीजा है। जबकि पहले के चुनावों में कभी ऐसी स्थिति नहीं बनी और मतदान के दिन ही आधी रात तक साफ हो जाता था कि चुनाव में किसकी जीत हुई है। मतदानआठ फरवरी को हुआ था।12.8 करोड़ से ज्यादा पाकिस्तानियों ने नेशनल असेम्बली और चार प्रांतीय असेम्बलियां को चुनने के लिए वोट डाले। मतदान के दिनकड़ी सुरक्षा व इंटरनेट को पूरी तरह बंद रखने के बावजूद हिंसा हुई। पाकिस्तान में सेना सुप्रीमों है।और इसके खिलाफ इमरान खान का विद्रोह हुआ। नतीजतन इमरान को जेल में डाला गया। अदालतों ने उन्हे और उनकी पत्नी को सजा सुनाई। उनकी पार्टी प्रतिबंधित हुई। लेकिन इमरान बदनाम नहीं हुए। उनसे लोगों की सहानुभिति बनी। लोगों ने पाकिस्तान की सेना को खलनायक माना। सेना के इशारों पर नाच रहे नवाज शरीफ और उनकी मुस्लिम लीग (नवाज) या पीएमएल-एन जनता की निगाहों में उतरी। खबरों के मुताबिक मतदान के समय लाहौर और इस्लामाबाद की सड़कों पर मतदाताओं के बगावती तेवर साफ नजर आ रहे थे और सेना-विरोधी भावनाएं चरम पर थीं क्योंकि बहुत से लोगों की मान्यता थी कि जनरलों ने चुनाव का नतीजा पहले से ही तय कर रखा है। चाहे 1970 के दशक का जुल्फिकार अली भुट्टो का दौर हो या 1990 के दशक में नवाज शरीफ के पुराने कार्यकाल झ्र ह्यजीप वालेह्न मतलब सेना के अधिकारी पहले आसानी से काबू में आने वाले नेताओं को समर्थन और बढ़ावा देते रहे हैं।

# राजकीय महाविद्यालय में मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**➔ कार्यक्रम में निशुल्क बांटे टूथपेस्ट ➔ धूम्रपान की लत से दूर रहने की अपील : डॉ.माया**

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओरल हेल्थ वीक के अवसर पर गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज में आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसमें तंबाकू और धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डालने वाले एक रोड प्ले के साथ-साथ रंगोली और पोस्टर के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं एवं नुक्कड़ नाटक के कलाकारों को सम्मानित पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए।

इस दौरान राजकीय डेंटल कॉलेज व हॉस्पिटल की संस्थापक डॉ.माया इंदुरकर की मुख्य उपस्थिति रही। जागरूकता कार्यक्रम में मसूड़ों से रक्तस्राव विकार की रोकथाम के लिए 'इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरियोडोंटोलॉजी' द्वारा घोषित पहल के तहत मरीजों को पैरोडेंटेक्स प्रायोजित टूथपेस्ट मुफ्त में वितरित किया गया। अपने भाषण में गणमान्य व्यक्तियों ने सप्ताह के दौरान नियोजित शिविरों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि महिलाओं में कुछ हार्मोनल परिवर्तन और गर्भावस्था से संबंधित मसूड़ों की विकार होते हैं। कुलपति डॉ. किशोर महाले, विभागाध्यक्ष, सामाजिक दंत चिकित्सा विभाग जगदीश वाथर व डॉ.हर्षल बाफना ने भी ने अपने भाषण के माध्यम से जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. विभाकर मोटे ने सभी का आभार भी व्यक्त किया है। प्रत्यक्षा पवार ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस दौरान एसोसिएट प्रो. डॉ.5 फरवरी 1988 को शिरीष खेडगीकर ने तंबाकू की लत के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा पहले राज्य मौखिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया। ओरल हेल्थ वीक के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता डॉ. माया इंदुरकर द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र बांटे गए। मंत्रालय को उसके उपयुक्त नारे 'तंबाकुचे तांडव, मोदिल संसारचा मांडव' के लिए तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सावंत द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही पिछले साल उन्हें उनके नारे 'निर्धार स्वच्छ मुखचा, जीवनमार्ग सुखाचा' के लिए दस हजार रुपये का पुरस्कार भी मिला था।



# आदिवासी कोली समाज को लेकर शासन -प्रशासन संवेदनशील नहीं : जगन्नाथ बाविस्कर

## अनदेखी के चलते आगामी चुनावों का किया जाएगा बहिष्कार



**मुंबई हलचल/ सुरेश कोहली**

**जलगाँव।** आदिवासी कोली जनजाति को संवैधानिक न्याय अधिकार दिलाने के लिए 23 जनवरी से प्रदेश के हर कलेक्टर कार्यालय के सामने प्रदेशव्यापी महा आंदोलन चल रहा है। बताया जा रहा है कि 16 दिन बाद भी जन प्रतिनिधि व अधिकारी जानबूझ कर कोली समाज की अनदेखी कर रहे हैं। कोली समाज का आरोप है कि राजनीतिक दल आदिवासी कोली जनजाति के खिलाफ हैं। जबकि कोली जनजाति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता विभिन्न राजनीतिक दलों में कार्यरत हैं। लेकिन उन्होंने अपनी भूख हड़ताल के संबंध में विधायकों, सांसदों, मंत्रियों के समक्ष अपना पक्ष रखने का प्रयास तक नहीं किया। आदिवासी कोली समाज ने आह्वान किया कि आने वाले चुनावों का बहिष्कार करेगा। उन्होंने कहा कि उनके हक अधिकारों को दबाया जा रहा है। प्रदेशव्यापी जन आंदोलन के माध्यम से आखिरी चेतावनी देने का समय आ गया है कि नाक दबाओगे तो ही मुंह खुलेगा। समाज के मुद्दों पर आज तक ध्यान नहीं देने वाले सभी राजनीतिक दल, जन प्रतिनिधि एवं सरकारी प्रशासन के अधिकारी आदिवासी कोली जनजाति के संवैधानिक अधिकार, न्याय एवं अधिकारों के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। राज्य स्तरीय महा आंदोलन के अध्यक्ष जगन्नाथ टी.बाविस्कर चोपडा ने साफ ब्यान दिया है कहा कि जाति प्रमाण -पत्र नही तो वोट भी नही।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# ओवरटेक करने के दौरान ट्रक से टकराई बस, एक की मौत, 20 घायल

संवाददाता/अशफाक युसुफ

**बुलढाणा।** जालना-चिखली मार्ग पर शुक्रवार सुबह हुई जब पुणे-शेगांव बस ओवर टेक के कारण अपने सामने वाले ट्रक से टकरा गई।हादसे में यात्री की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। हादसा अंडेरा के पास राम नगर कांटे पर हुआ। घायलों में दो गंभीर हैं। सभी घायलों को चिखली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह बस पुणे से शेगांव आ रही थी. रामनगर जंक्शन के पास तेज रफ्तार बस शकर की बोरियों से लदे ट्रक के पीछे से टकरा गई। बताया जा रहा है कि ट्रक के अचानक लेन छोड़ देने के कारण यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर अंधेरा पुलिस स्टेशन थानेदार विकास पाटिल और उनके सहयोगी मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल सभी यात्रियों को इलाज के लिए





चिखली के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है और गंभीर रूप से घायल यात्रियों को चिखली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण लगे जाम को हटा दिया गया है और यातायात को एक तरफ से सुचारू कर दिया गया है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर अंचरवाड़ी, रामनगर, मेरा खुर्द के नागरिकों ने घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए चिखली भेजा। इस अवसर पर पीएसआई के कर्मचारी हरिहर गोरे व गोरख राठोड, मोनेरसिंह राठोड, अरूण खर्डे, रामेश्वर आंधले उपस्थित थे।

# अपराध एवं न्याय तंत्र का प्रयोग, हो रहा है इसका दुरुपयोग

मुंबई हलचल/संवाददाता

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री बी. वि. नागारत्ना और अगस्तीन जॉर्ज मसीह की खण्ड ने कहा है कि आजकल अपराध न्याय तंत्र का दुरुपयोग बहुत बढ़ गया है जो कि चिंता का विषय है। इन दोनों न्यायधीशों ने साफ इशारे में कहा है कि, इस सारे प्रकरण में प्रभावशाली व्यक्ति, नेता एवं प्रशासनिक अधिकारी सीधे तौर पर संलिप्त पाए गए हैं। ऐसा उन्होंने दर्ज केस, प्राथमिकी, जाँच, प्रस्तुत रिपोर्ट आदि में गहरे फर्क.पाने के उपरांत ही यह बात कही है। उन्होंने कहा है कि, हमारे पास कई ऐसे केस आए हैं जिनमें मैंने पाया है कि न्याय तंत्र के साथ जानबूझकर चालाकी के साथ हेर फेर किया गया है। हालाँकि उन्होंने कहा है कि न्यायालय इस संबंध में काफी सतर्क है और ऐसी किसी भी गतिविधियों का पूर्ण उपचार भी करना जानती है। ताकि सभ्य समाज में ऐसी रीति एवं इसके रचियता के प्रभाव को रोका जाए और समाज इसके दुष्प्रभाव से सुरक्षित भी रहे।

# खचेरे लाल महाविधालय, पीपरी में स्मार्ट फोन वितरण किए गए



मुंबई हलचल/संवाददाता

**पीपरी।** आज खचेरे लाल महाविद्यालय पीपरी में युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष कोंच सुनील लोहिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग स्मार्टफोन का सदुपयोग करते हुए तकनीकी शिक्षा का ज्ञान प्राप्त कर और डिजिटल क्लासिक ज्वाइन कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधक पूर्व विधायक राम प्रसाद जी अहिरवार ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में मथुरा प्रसाद महाविद्यालय एजुकेशन सोसाइटी के सदस्य सुशील दूर्वार जी उपस्थित रहे कार्यक्रम का कुशल संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप सोनी ने किया।

# अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब की भीलवाड़ा की जिला कार्यकारिणी घोषित

मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़

**राजस्थान।** भीलवाड़ा/अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत की भीलवाड़ा जिला शाखा की वर्ष 2024 के लिए जिला कार्यकारिणी की घोषणा आज शुक्रवार को भीलवाडा में क्लब के राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी एवं क्लब के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुमन सुरेश सोनी के निदेर्शानुसार निम्न रूप से की गई है! चेतना सुनील जागेटिया जिलाध्यक्ष, खुशी राकेश देवपुरा महासचिव, नीलम प्रकाश दरगड़ उपाध्यक्ष, लीला मधुसूदन राठी संगठन सचिव, निशा सुनील सोनी सांस्कृतिक सचिव, रेणु राजेश कोगटा क्रीड़ा सचिव, सुनीता मनीष पलोड़ स्वास्थ्य सेवा सचिव, रामचंद्र मूंदड़ा समाज सेवा सचिव, राखी प्रमोद राठी परिवार समन्वय सचिव, इन्दिरा भागचंद सोमानी शिक्षा सचिव, सुमन राजेन्द्र बाहेती धर्म प्रचार प्रसार सचिव, चेतना पुरुषोत्तम बसेर पर्यावरण सचिव, रीना संजय डाड एवं सुचिता दिलीप कोगटा जिला कार्यकारिणी सदस्य, साथ ही तीनों पूर्व जिलाध्यक्ष कुसुम राकेश जागेटिया, मंजू सुशील दरक, कान्ता बी एल मेलाणा को विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### उद्धव गुट के नेता की हत्या मामले में बड़ी कार्रवाई

कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष ने सरकार पर खूब आरोप लगाए। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस हत्याकांड की जांच के लिए दो टीमें गठित की है। क्राइम ब्रांच ने जांच के बाद मॉरिस के बॉडीगार्ड अमरेंद्र मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोप है कि मिश्रा के पिस्तौल से ही गोलीबारी की गई थी। मामले की जांच कर रही पुलिस टीम ने दिन में पूछताछ के लिए अमरेंद्र मिश्रा को हिरासत में लिया था। मॉरिस नोरोन्हा के बॉडीगार्ड अमरेंद्र मिश्रा के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा 29 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, मॉरिस ने जिस पिस्तौल का इस्तेमाल किया उसका लाइसेंस मिश्रा के पास था। पुलिस ने 40 वर्षीय मॉरिस की पत्नी समेत उनके परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए हैं। जांच में पता चला है कि मॉरिस की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के नेता अभिषेक घोसालकर से सियासी दुश्मनी थी। मॉरिस के खिलाफ हत्या, बलात्कार जैसे संगीन मामले दर्ज किए गए है. एक बार वह पांच महीने जेल में बंद था। मॉरिस को शक था कि अभिषेक ने ही उसे बलात्कार के मामले में फंसाया है। वह मुंबई के दहिसर-बोरीवली इलाके में एक एनजीओ चलाता था। मृतक मॉरिस पर पहले से गंभीर मामले दर्ज है। उस पर 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। इसके अलावा उसके खिलाफ एक महिला के साथ बलात्कार और ब्लैकमेलिंग करने का भी मामला दर्ज है। खुद को सामाजिक कार्यकर्ता कहने वाले मॉरिस पर हत्या के दो आरोप लगे थे। इसके अलावा उसके खिलाफ धमकी देने का भी मामला दर्ज है। दो साल पहले पुलिस ने एक 48 वर्षीय महिला की शिकायत के बाद बलात्कार, ब्लैकमेल, धोखाधड़ी और धमकी के आरोप में मॉरिस के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया था। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। इस घटना से मुंबई में हड़कंप मच गया है। विपक्ष ने सरकार पर खूब आरोप लगाए थे। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट मामले की जांच कर रही है। करीब 7 घंटे तक घटनास्थल की जांच के बाद एक पिस्टल, जिंदा कारतूस और सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया है। मामले में दो लोगों को हिरासत में लेने की जानकारी सामने आ रही है।

### आर्यन खान केस: ईडी के रडार पर समीर वानखेड़े

दरअसल, अक्टूबर 2021 में कॉर्डेलिया क्रूज जहाज पर ड्रग्स की जब्ती की जांच के बाद वानखेड़े सीबीआई के निशाने पर आ गए थे और जांच के मामले ने तूल पकड़ लिया था। कथित ड्रग्स जब्ती मामले में बॉलीवुड के 'बादशाह' शाहरुख खान के बेटे आर्यन सहित अन्य को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने समीर वानखेड़े के अलावा अगले हफ्ते नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के तीन अधिकारियों को तलब किया है, जिसमें सतर्कता अधीक्षक कपिल भी शामिल हैं। इन अधिकारियों से मुंबई कार्यालय में पूछताछ की जाएगी। साथ ही साथ ईडी ने कुछ लोगों से पूछताछ भी की है। इस बीच, वानखेड़े ने मामले को रद्द करने और किसी भी एक्शन से सुरक्षा की मांग करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वानखेड़े ने ईडी के एक्शन को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा है कि 2023 में दर्ज की गई सीबीआई एफआईआर और ईसीआईआर के आधार पर ईडी के इस अचानक एक्शन से प्रतिशोध और द्वेष की बू आ रही है।

### बाल ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग

इसी पृष्ठभूमि में महाराष्ट्र में शिवसेना के संस्थापक और हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग हो रही है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) नेता संजय राउत और मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने एक्स पर पोस्ट कर बाल ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग की है। अपने चाचा बाल ठाकरे के लिए भारत रत्न की मांग करते हुए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने एक्स पर कहा, बीजेपी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार को बालासाहेब ठाकरे को भी 'भारत रत्न' घोषित करना चाहिए। उनके लिए भी वही उदारता दिखानी चाहिए... देश के प्रमुख कार्टूनिस्ट और देशभर के सभी हिंदुओं के गौरव की अलख जगाने वाले अद्वितीय नेता बालासाहेब इस सम्मान के हकदार हैं। यह मेरे और मेरे जैसे अन्य लोगों के लिए खुशी का क्षण होगा जिन्हें बालासाहेब के विचार विरासत में मिले हैं। यह मेरे लिए और मेरे जैसे अन्य लोग जिन्हें बालासाहेब के विचार विरासत में मिले हैं, उनके लिए खुशी का क्षण होगा।

### लोकसभा चुनाव 2024 से पहले देश में लागू होगा सीएए

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ये बातें एक टीवी चैनल के समिट के दौरान कही हैं। बता दें कि अगले दो से तीन महीने में यानी अप्रैल-मई महीने में चुनाव होने की संभावना है। चुनाव से कुछ दिन पहले शाह द्वारा दिए गए इस बयान के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। अमित शाह ने कहा, मैं साफ कर देना चाहता हूं कि नागरिकता संसोधन अधिनियम (सीएए) किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनेगा। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक उत्पीड़न का सामना कर रहे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों को नागरिकता देना है। यह वादा मूल रूप से कांग्रेस ने ही उनसे किया था।

## पीटीआई समर्थकों ने दी दोनों पार्टियों को कड़ी टक्कर, 95 समर्थक जीते

# पाक में इमरान का जादू बरकरार सरकार बनाने में जुटे खान समर्थक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

### 19 शहरों में पीटीआई का प्रदर्शन, एक की मौत, नवाज का पीपीपी को ऑफर

पाकिस्तान की राजनीति में पूर्व पीएम इमरान खान का जलवा आज भी बरकरार है। इसका जीता जागता उदाहरण आम चुनाव में दिखा है। शुक्रवार देर रात तक के नतीजों में इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित 95 उम्मीदवारों ने चुनाव जीत लिया है। वहीं पीएमएल-एन को 66 और पीपीपी 51 तथा अन्य के खाते में 16 सीटें आई हैं।

बता दें, पाकिस्तान में 336 में से 265 सीटों पर हुए आम चुनाव में इमरान की पार्टी पीटीआई, पीपीपी और पीएमएल-एन को कड़ी टक्कर दी है। पाक में मुख्य रूप से उक्त 3 पार्टियों के बीच मुकाबला है। वहीं परिणामों के साथ ही पाक में प्रदर्शन हो रहे हैं। पीटीआई समर्थकों ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग नतीजों को जारी करने में देरी कर रहा है। पीपीपी ने नवाज से गठबंधन सरकार में शामिल होने से साफ इंकार कर दिया है।

*पूर्व पीएम इमरान खान का जलवा बरकरार है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थित 95 उम्मीदवारों ने चुनाव जीत लिया है। वहीं पीएमएल-एन को 66 और पीपीपी 51 तथा अन्य के खाते में 16 सीटें जाने की खबर है।*



### हाफिज का हारा बेटा, मंसूबे पर फिरा पानी

*पाक में हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद लाहौर एनए 122 सीट से चुनाव हार गया है। उसे इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थक निर्दलीय उम्मीदवार लतीफ खोसा ने 1 लाख से भी ज्यादा मतों से मात दी। तल्हा सईद को सिर्फ 2024 वोट मिले, जबकि लतीफ खोसा को 117109 वोट मिले। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के उम्मीदवार साद रफीक 77907 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसे हाफिज सईद के आतंकी मंसूबों पर पानी फिर गया है। हाफिज की कोशिश आतंकवादी बेटे को राजनीति में सेट करने की थी।*

### पाक ने खर्च किए 1000 करोड़

पाकिस्तान में सामाजिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक स्थिति बहुत बदहाल है, बावजूद इसके देश का प्रधानमंत्री चुनने के लिए 1 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिए हैं। पाक में इस बार अब तक का सबसे महंगा चुनाव हुआ है। ये पिछले चुनाव से 28 गुना ज्यादा खर्चा है। चुनाव में सुरक्षा के लिए 7 लाख जवान तैनात किए गए। 1 लाख 33 हजार जवान तो सिर्फ सिंध में तैनात किए गए।

### 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं

ऐसा दावा किया जाता है कि पाकिस्तान में अब तक कोई भी प्रधानमंत्री अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया है। 1947 से अबतक कुल 32 प्रधानमंत्री रहें। इनमें से 8 प्रधानमंत्री केयर टेकर रहे, लेकिन कोई भी 5 साल नहीं टिका। इसकी सबसे बड़ी वजह है सेना का सत्ता में दखल। सेना ने जिसको चाहा पीएम बनाया जिसको चाहा पीएम पद से हटाया।

### उम्मीदवारों की संख्या भी इस बार ज्यादा

*उम्मीदवारों की संख्या भी इस बार ज्यादा है। जहां पिछले 2018 चुनाव में 11,700 उम्मीदवार मैदान में थे। इस बार 18,059 उम्मीदवार चुनाव लड़े। इनमें निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या 11,785 है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई से चुनाव चिन्ह छिनने की वजह से निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या पिछली बार से 21 फीसदी ज्यादा है।*

### पीटीआई ने लगाया धांधली का आरोप, कहा- जनता जवाब देगी

*पीटीआई ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए देशभर में 19 शहरों में जंगी प्रदर्शन किए। जिसमें 4 लोगों की मौत और 10 घायल होने की खबर है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीटीआई ही देश को स्थर सरकार दे सकती है। हमारी पार्टी को देश की जनता ने सबसे ज्यादा समर्थन दिया है, लेकिन उसे चुराने की कोशिश हो रही है। जिसको जनता जवाब देगी।*

## चुनाव आयोग ने बताया: देश में अब 97 करोड़ मतदाता

# संसद का फैसला करेंगे देश के 66 फीसदी युवा वोटर्स

देश में आने वाला लोकसभा चुनाव दुनिया का सबसे ज्यादा मतदाताओं की हिस्सेदारी वाला चुनाव का रिकॉर्ड बनाएगा

आयोग ने निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर और असम में भी मतदाता सूचियों का रिवीजन पूरा कर लिया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



देश में आने वाला लोकसभा चुनाव दुनिया का सबसे ज्यादा मतदाताओं की हिस्सेदारी वाला चुनाव का रिकॉर्ड बनाएगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक लोकसभा चुनाव में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का नतीजा बताता है कि 6 फीसदी नए वोटर्स जुड़े हैं। महिलाओं की हिस्सेदारी ज्यादा है। देश की कुल आबादी का 66.76 फीसदी युवा हैं यानी वोट देने वाले बालिग हैं। ये वोटर्स लोकसभा चुनाव का फैसला करेंगे।

*2024 लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ लोग वोटिंग कर सकेंगे। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के वोटर्स से जुड़ी स्पेशल समरी रिवीजन 2024 रिपोर्ट जारी की*

18 से 29 साल उम्रवर्ग में दो करोड़ नए मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया

5 साल में महिला-युवा और दिव्यांग मतदाता बढ़े



### मतदाताओं की संख्या में छह फीसदी इजाफा

आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 18 से 29 साल उम्रवर्ग में दो करोड़ नए मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। देश में कुल मतदाताओं का ग्राफ 96.88 करोड़ तक पहुंचा है जो 2019 के आम चुनाव के बाद से छह फीसदी इजाफे की तस्दीक करता है। स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) यानी मतदाता सूची का सामयिक पुनरीक्षण 2024 के तहत महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले बाजी मारी है। एसएसआर 2024 के मुताबिक 2.63 करोड़ नए मतदाताओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उनमें से 1.41 करोड़ महिला मतदाता हैं। जबकि इनमें पुरुष मतदाताओं की हिस्सेदारी सिर्फ 1.22 करोड़ ही है।

### सौ साल से ऊपर की उम्र के मतदाता दो लाख 38 हजार 791

*2019 में ये लैंगिक अनुपात 928 था। दिव्यांगों की भागीदारी 88.35 लाख हुई है। आयोग ने घर-घर जाकर आंकड़े जुटाने के बाद एक करोड़ 65 लाख 76 हजार 654 मतदाताओं के नाम या तो सूची से हटाए गए हैं या फिर शिफ्ट किए गए हैं। 8 फरवरी 2024 तक देश ने कुल 96.88 लाख 21 हजार 926 वोटर हैं। इनमे 49 करोड़ 72 लाख 31 हजार 994 पुरुष हैं। महिलाओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख 41 हजार 888 है। जबकि 48,044 तीसरे लिंग वर्ग के मतदाता हैं। 88 लाख 35 हजार 449 दिव्यांग हैं।*

## भारत को एफटीए का लाभ उठाने का लक्ष्य रखना होगा

# पारदर्शी व्यवस्था वाले देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता फायदेमंद : सी रंगराजन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर और जाने-माने अर्थशास्त्री डॉ. सी. रंगराजन ने कहा है कि पारदर्शी व्यवस्था वाले देशों के साथ ही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) फायदेमंद है।

पूर्व गवर्नर ने कहा कि ऐसे में भारत को उन देशों के साथ एफटीए का लाभ उठाने का लक्ष्य रखना चाहिए जिनके पास पारदर्शी तथा मजबूत व्यापार प्रणाली हैं। रंगराजन ने यह भी कहा कि नौकरियां बढ़ाने के लिए श्रम प्रधान प्रासंगिक क्षेत्रों की पहचान कर वहां पर काम करने के साथ आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की जरूरत है।

### पारदर्शी व्यापार तंत्र जरूरी

आर्थिक और सार्वजनिक नीतियों पर काम करने वाला शोध संगठन कट्स इंटरनेशनल के 40वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम उन्होंने कहा, 'भारत को उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाने का लक्ष्य रखना चाहिए जिनके पास पारदर्शी व्यापार तंत्र तथा मजबूत व्यापार प्रणाली हैं।'

### आत्मनिर्भर भारत का दृष्टिकोण

इस मौके पर कट्स इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप एस. मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार का आत्मनिर्भर भारत का दृष्टिकोण अपनी जरूरतों और वैश्विक अर्थव्यवस्था दोनों में पर्याप्त योगदान देना है।



- पारदर्शी और मजबूत व्यापार प्रणाली वाले देशों से हो चर्चा
- नौकरियां बढ़ाने श्रम प्रधान क्षेत्रों की पहचान करनी होगी
- आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना जरूरी होगा

### कई देशों के साथ एफटीए पर बातचीत

रंगराजन ने यह भी कहा कि इस तरह की पहल (एफटीए) की सफलता श्रम बल की भागीदारी को बढ़ाकर अपने जनसंख्या संबंधी लाभ को भुनाने की भारत की क्षमता पर निर्भर करती है। इसमें उन्हें और हुनरमंद बनाने का कदम भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि भारत वर्तमान में ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, ओमान आदि देशों के साथ एफटीए पर बातचीत कर रहा है।

### उपभोग की मांग पैदा करनी होगी

*रंगराजन ने यह भी कहा, 'निवेश उपभोग या उपभोग की मांग पर आधारित नहीं होना चाहिए बल्कि यह इस रूप से हो जिससे उपभोग की मांग पैदा करे।' रंगराजन ने कहा निवेश बढ़ाने के लिऐ अनुकूल परिवेश को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए आर्थिक और गैर-आर्थिक दोनों कारकों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।*

### निवेश के अनुकूल परिस्थियां बनानी होगी

दीर्घकालिक आर्थिक समृद्धि के लिए निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाना आवश्यक है। पूर्व आरबीआई गवर्नर ने श्रम प्रधान क्षेत्रों की पहचान करते हुए रोजगार सृजन की भी बात कही। उन्होंने कहा, 'नौकरियां बढ़ाने के लिए श्रम प्रधान प्रासंगिक क्षेत्रों की पहचान कर वहां काम करने के साथ आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की जरूरत है।'

### गरीबी उन्मूलन प्राथमिकता में सबसे ऊपर



चेन्नई में 'भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि संभावना' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'गरीबी उन्मूलन हमारी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर होना चाहिए और गरीबी मापने में व्यय के संकेतकों के साथ-साथ बहुआयामी (विभिन्न स्तरों पर) गरीबी की माप दोनों शामिल होने चाहिए।'

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## उत्तराखंड हलचल

# साँच को आँच नहीं केंद्रीय जीएसटी टीम के ऊपर जानलेवा हमला प्रकरण हुआ झूठा साबित

## भ्रष्ट अधिकारियों के साथ साथ विपक्षियों की भी हुई फजीहत

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**पिरान कलियर हरिद्वार।** हम सभी जानते हैं की सांच को कभी आंच नहीं होती अगर कोई इंसान अपने जीवन में सत्य के मार्ग पर चलता है तो उसे कुछ समय तक मुश्किलों का सामना तो करना पड़ता है लेकिन अंत में उसके जीवन से मुसीबतें हमेशा दूर हो जाती हैं क्योंकि सांच को कभी नहीं होती. लेकीन आज के इस कलयुग में कोई व्यक्ति यदि सत्य की राह पर चलकर समाज को सही राह पर लाने का कार्य करता है तो उसके पीछे समाज के ही कुछ असामाजिक तत्व पड़ जाते हैं ठीक ऐसा ही हुआ अलीशा ट्रेडर्स के ओनर इंतजार प्रधान के साथ आईए जानते हैं पूरा प्रकरण







सूत्रों के मुताबिक बुधवार को केंद्रीय जी एस टी की एक टीम बेडपुर चौक स्थित मोहम्मद इंतजार ऑनर (अलीशा ट्रेडर्स) पर सुबह 11 बजे पहुंची और जिन्होंने मोहम्मद इंतजार की दुकान में लगे कैमरे बंद कराकर फोन भी अपने कब्जे में ले लिया और कार्यवाई की आड़ में भयभीत करने का काम करते करते शाम के 6 बज गए जबकि मोहम्मद इंतजार के मुताबिक उन्होंने लगभग सभी मौजूदा सामान के बिल भी दिखाए लेकिन इन्होंने कार्यवाई के समय जी एस टी की टीम के एक कर्मचारी ने मोहम्मद इंतजार से सांठ गांठ कर मामले को रफा दफा करने की बात कही जिस पर मोहम्मद इंतजार ने कहा की जब मेरे पास सभी सामान के बिल है तो मैं किस बात की तुमसे सेटिंग करू। तभी मोहम्मद इंतजार ने उक्त मामले की सारी जानकारी सुराज सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी को दी जिस पर कुछ समय बाद मौके रमेश जोशी भी पहुंच गए रमेश जोशी ने मामले को संदिग्ध देखते हुए जी एस टी की टीम से अपने अपने आई कार्ड दिखाने को कहा लेकिन इन में से एक ने भी अपना आई डी कार्ड नहीं दिखाया तभी रमेश जोशी को इन पर संदेह हुआ और 112 पर कॉल करके सारे मामले की जानकारी दी तभी मौके पर रुड़की क्षेत्राधिकारी सहित पुलिस वहा पहुंची और वहा मौजूद लोगो ने पुलिस को जी एस टी की टीम के द्वारा मोहम्मद इंतजार को डराने धमकाने और उनसे रिश्वत मांगने की बात कही तो तभी जी एस टी की टीम ने अपने आपको रिश्वत मांगने की पोल खुलती देख एक कर्मचारी ने ड्रामा रचकर पुलिस को अपने साथ मारपीट करने की बात कही जिस पर पुलिस ने बिना किसी जांच के और मोहम्मद इंतजार की बात सुने बिना एक तरफा करवाई करते हुए जी एस टी टीम के कर्मचारी को जिसने अपने को जी एस टी इंसपेक्टर मंजीत कुमार बताया पुलिस ने बिना जांच के एक तरफा कार्यवाई करते हुए मंजीत कुमार को तहरीर देने को कहा और पुलिस ने मंजीत कुमार को साथ ले जाकर बिना किसी चोट के तहरीर लेकर मंजीत कुमार को रात को ही आनन फानन में उसको रुड़की सिविल अस्पताल ले जाकर एक घंटे के भीतर फर्जी मेडिकल करा कर बिना किसी विवेचना के धारा 307 एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में फर्जी मुकदमा दर्ज कर मोहम्मद इंतजार को हिरासत में लेकर थाने ले आए। रात भर उसको थाने रखा लेकिन सुबह ही सुराज सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता एस एस पी हरिद्वार के दरबार में पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे जिस पर हरिद्वार के तेज सरदार निष्पक्ष एस एस पी परमेंद्र डोभाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की जानकारी ली और पुलिस कप्तान को ये मामला राजनीति से प्रेरित मिला । जिस पर एस एस पी हरिद्वार ने मामले को दूध का दूध और पानी का पानी करते हुए निष्पक्ष जांच कर कार्य करने के निर्देश दिए जिस पर कलियर पुलिस द्वारा लगाई धारा 307 एक्ट को निराधार देखते हुए प्रभाव से हटवाकर आगे की कार्यवाई करने का निर्देश दीया। कलियर पुलिस द्वारा तभी धारा 307 को हटाकर मोहम्मद इंतजार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिस पर न्यायालय ने मामले को सुना और सबूत के अभाव में प्रकरण की सत्यता को जानने के बाद पुलिस को जमकर फटकार लगाते हुए मोहम्मद इंतजार को जमानत मंजूर कर घर भेज दिया। जिसके बाद वहा मौजूद प्रधान इंतजार के समर्थक गणों में उत्साह का माहौल भर गया । सभी समर्थकों ने हरिद्वार के निष्पक्ष एस एस पी का धन्यवाद किया। पुलिस कप्तान की इस निष्पक्ष कार्रवाई की वजह से चारों ओर प्रशंसा हो रही है। बल्कि सुराज सेवा दल के कार्यकताओं ने तो बड़े जोशीले अंदाज में एस एस पी परमेंद्र डोभाल जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

# जिन विभागों की योजनाओं में व्यय प्रगति कम है ऐसे सभी विभाग 20 फरवरी तक व्यय प्रगति को शतप्रतिशत करना सुनिश्चित करें- सीडीओ

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान की अध्यक्षता में विकासभवन सभागार में जिला योजना/राज्य सैक्टर/केन्द्र पोषित एवं बाह्य सहायतित योजनाओं की वित्तीय प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया किया कि जिन विभागों की योजनाओं में व्यय प्रगति कम है ऐसे सभी विभाग 20 फरवरी तक व्यय प्रगति को शत्प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। साथ ही निर्देशित किया यदि किसी विभाग का व्यय हेतु मद परिवर्तित किया जाना है तो वे एक सप्ताह के भीतर पत्रावली भेजें। राज्य सैक्टर की समीक्षा करते हुए उन्होंने न्यून प्रगति वाले विभागों वन, जल निगम को नोटिस प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में जिन विभागों की प्रगति कम है ऐसे सभी विभागों को नोटिस प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 20-सूत्री कार्यक्रम में पीएमजीएसवाई के डी श्रेणी में रहने तथा बाल विकास विभाग को सी श्रेणी में रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रगति बढाने के निर्देश दिए। माह जनवरी में जिला योजना में प्रगति 84.84 प्रतिशत, राज्य योजना में प्रगति 74.66 प्रतिशत, केन्द्र पोषित योजना में प्रगति 91.26 प्रतिशत, वाह्य सहायतित योजना में प्रगति 56.74 प्रतिशत रही। बैठक में जिला विकास अधिकारी सुनील कमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत गिरि, सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नरेन्द्र कुमार, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, जिला बाल विकास अधिकारी जितेन्द्र कुमार, सहायक श्रम आयुक्त के.के गुप्ता, जिला पूर्ति अधिकारी के.के अग्रवाल, अपर अर्थ एवं संख्याधिकारी पी.एस भण्डारी, अधि.अभि. सिंचाई दिनेश चन्द्र उनियाल सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**लक्सर हरिद्वार।** लक्सर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत निरंजनपुर क्षेत्र से कंकर खाता तक 6, किलोमीटर बहुप्रतीक्षित सड़क का शुक्रवार को लक्सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक मो. शहजाद ने ग्रामीणों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। यह सड़क का निर्माण प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत और लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा। मो शहजाद के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका पारंपरिक रूप से भव्य स्वागत किया गया और इस सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि यह सड़क निरंजनपुर और कंकर खाता क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क है। आज इस सड़क का शिलान्यास किया जा रहा है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य पुरा किया जाएगा। इस सड़क के बन जाने से इस दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को सीधे तौर पर इसका लाभ मिलेगा। और वह इस सड़क का इस्तेमाल कर काफी कम समय में, पूरे लक्सर क्षेत्र में पहुंच पाएंगे। और शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार में उन्हें काफी सुगमता हो जाएगी। यह काफी दुर्गम क्षेत्र की सड़क है इसलिए इसका निर्माण कार्य काफी गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा। इस अवसर पर निरंजनपुर प्रधान, प्रधान हसीन मलिक, ठेकेदार तजमीन, साहिल खान, आसिफ मलिक, तजीम, सचिन, प्रमोद, तेजपाल, रति राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





# 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**लक्सर हरिद्वार।** लक्सर पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ नशा तस्कर को धर दबोचा जहां उत्तराखंड मुख्यमंत्री 2025 तक नशा मुक्त बनाने की तैयारी में लगे हुए हैं वही नशा तस्कर अपने इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं ऐसा ही एक मामला रायसी चौकी क्षेत्र के गंदासपुर से सामने आया है। आपको बता दे की लक्सर एक क्षेत्र की रायसी चौकी में मुखबर द्वारा सूचना दी गई थी के गंगा के पास खेत में एक व्यक्ति शराब निकल रहा है मौके पर पहुंची रायसी चौकी पुलिस और व्यक्ति की घेराबंदी कर व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से शराब निकालने के सामान भी बरामद किए गए और 10 लीटर अच्छी शराब और मौके पर 100 लीटर लहन नष्ट कर दिया है।आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# कलियर पुलिस वांछित अपराधी को अहमदाबाद से दबोच लाई

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**पिरान कलियर हरिद्वार।** पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 9/2/24 को थाना पिरान कलियर पुलिस द्वारा वांटेड वारंटी अभियुक्त मुनाजिर उर्फ डैनी पुत्र मुन्ना निवासी उमरीकला थाना छजलेट जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को (संबंधित वाद संख्या 16/2018 धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम) को अहमदाबाद गुजरात से गिरफ्तार किया गया। जिसे आज कलियर थाना लाकर दाखिल कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक : राम अवतार, हेड कांस्टेबल : जमशेद अली कांस्टेबल नितिन सी आई यू शामिल रहे।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अच्छी सेहत के लिए आज से ही फॉलो करें ये हेल्थ टिप्स

स्वस्थ रहने के लिए अच्छी नींद, डाइट और व्यायाम बेहद ही आवश्यक है। हममें से बहुत से लोगों को अक्सर सोने से पहले करवटें बदलनी पड़ती है। कुछ लोग जिन्हें बहुत देर तक नींद नहीं आती उन्हें नींद की दवाएं तक लेनी पड़ती हैं। नींद न आने का कारण हमारा गलत खान-पान और शारीरिक व्यायाम में कमी होना है। तो चलिए आज जानते हैं फिट एंड हैल्दी बॉडी के लिए जरुरी डाइट, एक्सरसाइज और प्रॉपर नींद से जुड़ी कुछ खास बातें...

फिट एंड फाइन रहने के लिए विटामिन और कार्बोहाईड्रेट युक्त आहार का सेवन बहुत जरुरी है। बदलती लाइफस्टाइल और व्यस्त दिनचर्या के कारण डाइट चार्ट को फॉलो करना मुश्किल है लेकिन खुद को बीमारियों से दूर रखने में डाइट चार्ट बहुत मदद करता है। डाइट चार्ट के अनुसार खाने से मोटापा, डायबिटीज, एसिडिटी, ब्लड प्रेशर, कैंसर जैसी बीमारियों से आप बचे रहते हैं। डाइट चार्ट बनाते वक्त ध्यान में रखें कि आपकी लिस्ट मौसम के हिसाब से ही होनी चाहिए। गर्मी का मौसम चल रहा है तो आपकी डाइट में पेय पदार्थ यानि लिक्विड चीजें ज्यादा शामिल होनी चाहिए।



**➤ब्रेकफास्ट**

नाश्ते के वक्त हमेशा भारी खाने से बचें। आप चाहें तो दूध के साथ ओट्स या फिर इससे तैयार चीले का सेवन कर सकते हैं। सुबह उठते ही ब्रश करने के बाद 4 बादाम जरुर खाएं। इससे सारा दिन आपकी बॉडी एक्टिव और एनर्जेटिक फील करेगी। आप चाहें तो नाश्ते के वक्त अंकुरित अनाज एक प्लेट मिक्स या वेजीटेबल उपमा भी ले सकते हैं।

**➤दोपहर के वक्त**

लंच का सही समय 1 से 2 बजे के बीच का होता है। इस दौरान आप चोकर वाली चपाती, छिलके वाली दाल की एक कटोरी या फिर सब्जी के साथ एक छोटी कटोरी दहीं के ले सकते हैं। खाने से 15 मिनट पहले सलाद खाना कभी मत भूलें। सलाद में आप खीरा, तर, टमाटर और ऐवोकाडो शामिल कर सकते हैं। सलाद खाने से शरीर को भरपूर मात्रा में पोषण मिलेगा।

**➤शाम की चाय**

लंच के लगभग तीन घंटे बाद चाय के साथ कुछ खाने का दिल करता है। ऐसे में आप एक कप चाय के साथ नमकीन भेल या फिर ओट्स बिस्कुट खा सकते हैं। अगर आप चाय पीना पसंद नहीं करते तो आप सेव, संतरा, कच्चा जाम, अनार, नाशपती आदि भी खा सकते हैं। अगर आप इस वक्त लेमन टी पीते हैं तो इससे आपका मेटाबॉलिज्म स्ट्रांग बनेगा। रात के खाने की भूख आपको अच्छी तरह लगेगी।

**➤डिनर**

रात के खाने में चावल ज्यादा मात्रा में शामिल न करें। इसमें दाल, दो चपाती, हल्का चावल, एक कप दही और एक प्लेट सलाद लीजिए। डिनर करने के करीब एक घंटे बाद एक फल और दूध का आधा गिलास जरुर लीजिए।

**➤फिटनेस प्लान**

डाइट चार्ट को फॉलो करने के साथ-साथ रुटीन में व्यायाम जरुर करें। स्वस्थ और हेल्दी रहने के लिए फिट रहना बहुत आवश्यक होता है। लोग फिट रहने के लिए वक्त

'आउट का अभ्यास करते है। वर्कआउट कितना और कैसे किया जाए इस बात का ध्यान रखना बेहद जरुरी है।

सुबह के वक्त वर्कआउट

सबसे जरुरी बात एक ही समय पर एक्सरसाइज करें। फिट रहने के लिए एक ही समय पर वर्कआउट करना लाभकारी होता है। सुबह का समय वर्कआउट के लिए सबसे बेहतर रहता है क्योंकि इस वक्त की गई एक्सरसाइज आपको दिन भर एनर्जेटिक रखती है।

**➤पसंदीदा एक्सरसाइज**

अक्सर लोग वर्कआउट करते-करते थकने से ज्यादा बोर हो जाते हैं। ऐसे में सभी वर्कआउट करने की बजाय अपनी पसंदीदा एक्सरसाइज करें। वो एक्सरसाइज करें जो आपको सबसे सबसे अधिक पसंद हो।वर्कआउट हमेशा अपने किसी फैमिली सदस्य या फिर दोस्तों के साथ मिलकर करें। उससे भी आप जल्द बोर नहीं फील करेंगे।

**➤हेल्दी स्नैक्स**

हेल्दी स्नैक्स आपके शरीर को स्वस्थ और हेल्दी रखता है क्योंकि उनमें कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण प्रदान करते हैं और फिट रखते हैं। वर्कआउट करने के बाद 10 से 15 मिनट का रेस्ट लेना मत भूलें। इससे हल्की-फुल्की थकान कुछ ही क्षण में दूर हो जाएगी।

**➤नींद से जुड़े हेल्थ टिप्स**

यदि आप अपनी डाइट और एक्सरसाइज का रुटीन में ध्यान रखते हैं तो जाहिर है रात को आप चैन की नींद सोएंगे। नींद से न सिर्फ आपका शरीर रिचार्ज हो जाता है बल्कि इससे आपके मस्तिष्क की याद रखने और सीखने की क्षमता में भी बढ़ावा होता है। अगर आपकी नींद पूरी नहीं हो रही है, तो आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। नींद की कमी से उच्च रक्तचाप, मोटापा और डायबिटीज जैसी शारीरिक बीमारियां हो सकती हैं। इसके साथ ही आपकी सीखने और याद रखने की क्षमता पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए हमेशा अच्छी नींद के लिए बेहतर डाइट और व्यायाम को अपनी रुटीन का हिस्सा बनाएं।

**➤अच्छी नींद के लिए अपनाएं ये टिप्स**

साउंड स्लीप यानि अच्छी नींद के लिए जितना हो सके तनाव कम लें। दोपहर के वक्त सोने से भी रात की नींद डिस्टर्ब होती है। अपने सोने और उठने का समय एक ही रखें। नियमित रूप से व्यायाम करें। रात को सोने से पहले, कैफीन, एल्कोहल और निकोटिन यानी धूम्रपान से बचना चाहिए। अगर किसी कारणवश नींद नहीं भी आ रही तो गर्म पानी से नहाएं, किताब पढ़ें, कैफीन फ्री चाय पियें और ऐसे काम करने से बचें जिनसे आपको चिंता होने की आशंका हो। रात का भोजन सोने से कम से कम दो से तीन घंटे पहले करें। सोने के लिए आरामदेह माहौल तैयार करें। अपने कमरे में पूरा अंधेरा रखें और तापमान को भी मौसम के अनुसार रखें। बेडरूम में टीवी या कंप्यूटर इस्तेमाल न करें। सोने का कमरा सिर्फ सोने के लिए ही इस्तेमाल करें।

# दूध में मिलाकर पिएं यह 1 चीज, बीमारियां रहेंगी कोसों दूर



## तुलसी वाला दूध पीने के फायदे

दूध का ज्यादा फायदा लेने के लोग उसमें केसर या बादाम मिलाकर पीते हैं। मगर आज हम आपको तुलसी वाला दूध पीने के फायदे बताने जा रहे हैं, जिससे आप बुढ़ापे तक स्वस्थ रहेंगे। तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इंफ्लेमेटरी, प्रोटीन, मिनरल्स तो दूध विटामिन्स से भरपूर होता है इसलिए इन दोनों को मिलाकर पीने से तीन गुणा ज्यादा फायदा मिलता है। चलिए जानते हैं तुलसी वाला दूध पीने से आपको क्या-क्या फायदे मिलते हैं।

**● वायरल फ्लू से बचाव**

बदलते मौसम में वायल फ्लू तेजी से फैलता है लेकिन तुलसी वाला दूध पीने से आप इंफेक्शन के खतरे से बचे रहते हैं। वहीं अगर आप वायरल फ्लू की चपेट में आ गए हैं तो दूध में तुलसी के साथ लौंग, काली मिर्च और अदरक मिलाकर पिएं। इससे जल्द आराम मिलेगा।

**● सिरदर्द के लिए**

बिजी शेड्यूल के चलते आजकल हर कोई सिरदर्द और तनाव से जूझ रहा है। कुछ लोगों को तो यह रोज ही होता है। ऐसे में आप सोने से पहले तुलसी वाला दूध पिएं। इससे सिरदर्द और तनाव भी दूर होगा और आपको नींद भी अच्छी आएगी।

**● अस्थमा से राहत**

एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर तुलसी वाला दूध पीने से अस्थमा और सासं से जुड़ी अन्य बीमारियों में भी बहुत फायदा पहुंचता है। ऐसे में आप सुबह 1 गिलास दूध जरूर पिएं।

**● वजन घटाए**

सुबह खाली पेट यह दूध पीने से भूख कंट्रोल में रखती है और मेटाबॉलिज्म भी तेज होता है, जिससे वजन घटाने में काफी मदद मिलती है।

**● किडनी स्टोन**

अगर आपको किडनी स्टोन की समस्या है तो रोजाना इसका सेवन करें। इससे पथरी धीरे-धीरे गल कर बाहर निकल जाएगी। हालांकि इससे साथ डॉक्टरी इलाज भी करवाते रहें।

**● कैंसर से सुरक्षा**

एंटीबैक्टीरियल और एंटीकैंसर के गुणों से भरपूर तुलसी वाला दूध शरीर में कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकता है। साथ ही इससे अन्यून सिस्टम भी मजबूत होता है, जिससे आप कैंसर के खतरे से बचे रहते हैं।

**● सर्दी और जुकाम**

सर्दी और जुकाम में तो तुलसी और दूध का कॉम्बिनेशन रामबाण की तरह इलाज करता हैं। आप चाहे तो इसमें तुलसी के अलावा हल्दी, लौंग, काली मिर्च, अदरक भी डाल सकते हैं। इससे सर्दी-खांसी दूर भाग जाएगी।

**● दिल के लिए**

इससे ना सिर्फ कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कंट्रोल में रहती है बल्कि यह दिल की बीमारियों का खतरा भी काफी हद तक कम कर देता है इसलिए आप भी सुबह खाली पेट इसका सेवन जरूर करें।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE OF SCIENCE, COMMERCE & ARTS
*Affiliated to the University of Mumbai (College Code 527) *Linguistic Marwari Minority College*
* Accredited (1st Cycle) by NAAC with B+ Grade *ISO 9001:2015 Certified

ABVMAJK

IS CELEBRATING ITS INTER-COLLEGIATE FESTIVAL



AURA



ON

12th , 13th & 14th
February, 2024

IN GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE AUDITORIUM,
UPPER GOVIND NAGAR, MALAD EAST

BE THERE TO ENJOY THE FUN, THRILL & EXCITEMENT !!!

Brochure